प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
12.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने का आह्वान किया है। शिमला के गेयटी थियेटर में कल एक निजि चैनल द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनके अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। और इस बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार द्वारा कई कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

*अभी युवा पीढ़ी से मैं यह ही कहना चाहता हूं की आने वाले समय में जो नशा है उसके खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे है कि चुनौती बड़ी है इस लड़ाई का हम मिलझुल कर सामना करना है खास चिट्टे दू रहे चिट्टा ऐसा जहर है जिसके खिलाफ सरकार तो लड़ाई लड़ रही है लेकिन समाज के सभी वर्ग इस लड़ाई में अपना योगदान देंगे तभी हम सफल होंगे।*

जायजा

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण की तैयारियों का कल जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कल होने वाले होने वाले समारोह के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. वीरभद्र सिंह ने कई साल सत्ता में रहकर जनता की सेवा की है और उनके सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

शिक्षा मंत्रालय – यूपीआई

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों से प्रवेश और परीक्षा शुल्क एकत्र करने के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस–यूपीआई अपनाने का आग्रह किया है। इस कदम का उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं का आधुनिकीकरण करना है। राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और एनसीईआरटी, सीबीएसई, केवीएस और एनवीएस जैसी स्वायत्त संस्थाओं को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने स्कूलों में वित्तीय लेनदेन को सुव्यवस्थित करने के लिए यूपीआई अपनाने के लिए जोर दिया है। यह कदम विधायी, नीतिगत और संस्थागत सुधारों के माध्यम से जीवन और स्कूली शिक्षा में आसानी को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है। मंत्रालय ने इस बात पर ज़ोर दिया कि नकद भुगतान से डिजिटल भुगतान में बदलाव से स्कूल प्रशासन का आधुनिकीकरण होगा और 2047 तक विकसित भारत लक्ष्य को बल मिलेगा।

निजी बस ऑपरेटरों

निजी बस ऑपरेटरों के कल राजधानी शिमला में बसें नहीं चलाने के निर्णय से लोगों को यातायात समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ऑपरेटरों का कहना है कि बढ़ती डीजल की कीमतें, टैक्स, और रूट परमिट को लेकर जारी असमानता के कारण उन्हें भारी घाटा झेलना पड़ रहा है। यूनियन के प्रधान रूपलाल ठाकुर ने कहा कि 40 किलोमीटर से अधिक दूरी से आने वाली बसों को आईएसबीटी से चलाने की मांग सरकार से की गई है, ताकि लोगों को समय के साथ भारी जाम का सामना न करना पड़े।

*जो हमारी समस्या है यह हमारी 40 किलोमीटर ऊपर बेसन की है तो हमने पहले भी कई बड़ी है हमने सरकार को भी बोला है और हमने हर जगह बात की है लेकिन हमारी कहानी देवी जो है आज दिन तक कोई भी सुनवाई नहीं भी बड़ी अंदर आ रही है आप लोग देख रहे हैं इससे सारी जितनी भी हम प्राइवेट बस वाले हैं सब परेशान हो रहे हैं।*

पर्यटन विभाग–चम्बा

चम्बा जिला को धार्मिक व आध्यात्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग एक विशेष कार्य योजना के तहत कार्य करेगा। चम्बा के जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने कहा कि चम्बा जिला धार्मिक व सांस्कृतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण डेस्टिनेशन है और यहां पुरातत्व विभाग के भी बहुत संरक्षित समारक हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी जिला के कई अनछुए पर्यटन स्थल हैं जिन्हें पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की जरूरत है।

रिलिजियस टूरिज्म कलर टूरिज्म है हेरीटेज टूरिज्म बाइक बाद एक अच्छा प्रीपोजिशन है विरासत है हजार साल से भी तो इसलिए यहां से यहां पर इतने आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया के नोटिफाई मॉन्यूमेंट्स है मंदिर है और एक बड़ी अच्छी यहां की कल्चरल लिगसी है और प्रमोट करने की जरूरत है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से सुर्खी दी है–हिमाचल के हर सिविल अस्पताल में तैनात होंगे छह विशेषज्ञ डॉक्टर। पंजाब केसरी लिखता है–ऑपरेशन सिंदूर में हमने धर्मयुद्ध के सिद्धांतों का पालन किया। दिव्य हिमाचल लिखता है–तंबाकू उत्पाद बेचने को लाइसेंस जरूरी। दैनिक जागरण का शीर्षक–ई सिगरेट व हुक्का बार पर लगेगा पूर्ण प्रतिबंध। दैनिक भास्कर की सुर्खी है–पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का कल होगा अनावरण। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं–हिमाचल के विकास में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का बड़ा योगदान।

———————————